ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 15-09-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-09-15 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-09-16	2023-09-17	2023-09-18	2023-09-19	2023-09-20
वर्षा (मिमी)	2.0	2.0	1.0	0.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	32.0	33.0	33.0	31.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	27.0	27.0	27.0	27.0	27.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	62	69	75	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	34	37	41	47	42
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	14	17	26	20	9
पवन दिशा (डिग्री)	320	74	80	112	157
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	4	6	2	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहने तथा कहीं कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

तारामीरा की बुवाई का उचित समय 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक है अतः खाली खेत में उचित नमी की अवस्था में तारामीरा की बुवाई हेतू बीज की व्यवस्था करें तथा उन्नत किस्म जैसे आर.टी.एम.-314 बुवाई के लिए उपयुक्त है। एक हैक्टेयर के लिए 5 किलो बीज पर्याप्त होता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहने तथा कहीं कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है। फसलों तथा फल बागानों में रसायनों का छिड़काव अभी स्थगित रखे।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	बाजरा की कटाई की हुई फसलों को थ्रेसिंग करें अन्यथा सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें या खेत में ढेर बनाकर पालीथीन से ढक कर रखें ।
मूँग	अगेती मूंग की फसल अभी पकाव की ओर अग्रसर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे। खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँगफली	मूँगफली की फसल में दाना बनने और दाना पकने की अवस्था पर सिंचाई अवश्य करें।
कपास	किसान भाई खेत में नियमित निगरानी रखें यदि कपास के खेत में बालवर्म कीट का प्रकोप दिखाई दे तो कार्बेरिल 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण ढाई किलो प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करे इसके साथ 8 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन भी मिलाएं।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बेर	बेर के बागानों में बरुथी के प्रकोप के नियंत्रण के लिए स्पाइरोंमेरों मेसिफेन 22.9 प्रतिशत नामक दवा का 0.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेड़	भेड़ व बकरी में पी.पी.आर.,फड़किया व चेचक रोग के प्रति टीके लगवाएं।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	किसान भाई अगेति शीतकालीन सब्जियों जैसे गाजर, मूली, शलजम आदि की बुवाई के लिए खेत तैयार करें।